भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न संख्याः 3194
गुरुवार, 07 अगस्त, 2025/16 श्रावण, 1947 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

दुमका विमानपत्तन का विस्तार

3194. श्री नलिन सोरेनः

क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार द्वारा झारखंड में दुमका विमानपत्तन का विस्तार करने का प्रस्ताव है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस संबंध में क्या समय-सीमा निर्धारित की गई है?

उत्तर

नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)

(क) और (ख)**:** क्षेत्रीय संपर्क योजना -उड़े देश का आम नागरिक (आरसीएस-उडान) के तहत, झारखंड राज्य सरकार के स्वामित्व वाली दुमका हवाई पट्टी को आरसीएस उड़ानों के विकास और संचालन के लिए चिह्नित किया गया है। दुमका हवाई अड्डे पर 1061x23 मीटर के रनवे के साथ एरोड्रोम रिफ्रेन्स कोड 2 बी के लिए राज्य सरकार द्वारा उड़ान योजना के तहत 31.82 करोड़ रुपए के खर्च के साथ विकास कार्य किया गया है।

****